**बदसलूकी** | मझौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों की मनमानी, कवरेज करने पहुंचे मीडियाकर्मियों को दी धमकी

# इलाज के लिए गुहार लगा रहे बुजुर्ग को दुत्कारा




**मझौली, नवभारत संवाददाता।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मझौली इन दिनों अपनी अव्यवस्थाओं और डॉक्टरों के तानाशाही पूर्ण रवैये के कारण सुर्खियों में है। यहाँ आने वाले मरीजों को इलाज मिलना तो दूर, उन्हें अपमानित होकर वापस लौटना पड़ रहा है। ताजा मामला वार्ड नंबर 5 के निवासी गेंदालाल चौधरी के साथ सामने आया है, जिन्हें डॉक्टर द्वारा इलाज के बजाय लताड़ लगाकर भगा दिया गया।

मिली जानकारी के अनुसार, गेंदालाल चौधरी अपनी बीमारी के इलाज के लिए सुबह 9 बजे से ही अस्पताल की लंबी कतार में खड़े थे। घंटों इंतजार के बाद जब उनकी बारी आई, तो ड्यूटी पर तैनात डॉ. दीपक गायकवाड़ ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया। बताया जा रहा है कि डॉक्टर ने उनकी समस्या सुनने के बजाय उन्हें बुरी तरह फटकार लगाई और अस्पताल से बाहर जाने को कह दिया।

### अस्पताल की मुख्य समस्याएं एक नजर में

सुबह ओपीडी के समय पर डॉक्टरों का अपनी सीट पर न होना गरीब और बुजुर्ग मरीजों के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग घंटों लाइन में लगने के बाद भी बिना परामर्श के मरीजों का लौटना मीडिया या जनता द्वारा सवाल पूछने पर धमकियां देना।

### पीड़ितों ने की निष्पक्ष जांच की मांग

मझौली के नागरिकों का कहना है कि यह पहली बार नहीं है जब डॉ. दीपक गायकवाड़ या अन्य स्टाफ का ऐसा व्यवहार सामने आया हो। अस्पताल में डॉक्टरों की 'तानाशाही' चरम पर है। जनता ने जिला प्रशासन और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से मांग की है कि इस मामले की निष्पक्ष जांच की जाए और दोषी डॉक्टर के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि आमजन को भयमुक्त और सुलभ इलाज मिल सके।

**शासकीय कार्य में बाधा की दी धमकी**

जब इस घटना की सूचना पाकर स्थानीय मीडियाकर्मी अस्पताल पहुंचे और मरीज की समस्या को लेकर सवाल किए, तो डॉ. गायकवाड़ अपना आपा खो बैठे। उन्होंने मीडियाकर्मियों को जवाब देने के बजाय उनके विरुद्ध 'शासकीय कार्य में बाधा डालने' की रिपोर्ट दर्ज कराने की धमकी दे डाली।

**इनका कहना है**

अस्पताल में न तो डॉक्टर समय पर उपलब्ध रहते हैं और न ही मरीजों को उचित सम्मान मिलता है। जब हम अपनी आवाज उठाते हैं, तो हमें ही पुलिस और कानूनी कार्रवाई का डर दिखाया जाता है।

**गेंदा लाल चौधरी, स्थानीय निवासी वार्ड नम्बर**



# महाप्रबंधक ने रानी कमलापति स्टेशन का किया निरीक्षण

**जबलपुर, नवभारत।** पश्चिम मध्य रेलवे के महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिंह के भोपाल मण्डल के निरीक्षण दौरे पर 11 मई को रानीकमलापति रेलवे स्टेशन, जोनल ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट, वंदेभारत कोचिंग डिपो एवं निशातपुरा रेलवे स्टेशन और मण्डल के कन्ट्रोल ऑफिस का गहन निरीक्षण किया। जीएम श्री सिंह द्वारा डीआरएम एवं संबंधित अधिकारी के साथ निरीक्षण के दौरान रानी कमलापति रेलवे स्टेशन पर यात्री विश्रामालय, एस्लेटर, स्टेशन कंट्रोल रूम (सीसीटीवी कक्ष) का निरीक्षण, साथ ही गहनता से प्रजंटेशन के माध्यम से रानी कमलापति स्टेशन पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी ली। यात्री सुविधाओं में विस्तार एवं स्टेशन पर संरक्षा से सम्बंधित रेलवे नियमों को प्रमुखता से पालन सुनिश्चित करने के आवश्यक दिशा निर्देश दिए। वही निशातपुरा में 24.79 करोड़ की लागत से नवनिर्मित मल्टी डिसेपनरी जोनल रेलवे इंस्टिट्यूट के क्लासरूम, माडल रूम, आडोटोरियम ब्लाक का निरीक्षण कर जायजा किया और यह निर्देश दिए गए कि सभी शेष कार्यों को निर्धारित समयसीमा में पूर्ण किया जाए। इस ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट में आगामी माह में रेलवे कर्मचारियों जैसे- लोको पायलट, स्टेशन मास्टर, इंजीनिरिंग, वाणिज्य एवं अन्य विभाग के कर्मचारियों को प्रारंभिक एवं रिफ्रेसर कोर्स का प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा।




# भागवत महापुराण में श्रीकृष्ण लीलाओं का हो रहा मंचन

**16 मई तक होगा कथा का वाचन**

**पनागर।** केवलारी में स्वर्गीय मनोज तिवारी की पुण्यतिथि एवं वर्षगांठ के अवसर पर संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। यह धार्मिक आयोजन 16 मई तक चलेगा, जिसमें कथावाचक पंडित रमाकांत पौराणिक द्वारा श्रद्धालुओं को भागवत कथा का रसपान कराया जा रहा है।

कथा के प्रथम दिवस भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें गांव की महिलाओं, युवाओं एवं बुजुर्गों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। कलश यात्रा पूरे गांव में भक्तिमय वातावरण के बीच निकाली गई। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया।आयोजन के दौरान श्रीकृष्ण लीलाओं का मंचन भी किया जा रहा है, जिसे देखने के लिए आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। कथा स्थल पर प्रतिदिन भजन-कीर्तन और धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है। आयोजन को सफल बनाने में मुख्य यजमान सौरभ तिवारी, अनीता तिवारी, श्रद्धा धर्मेश तिवारी, निशा संजय तिवारी, स्वाति, जय, सारिका, लकी, रामकिशोर तिवारी, आदित्य तिवारी, पूनम, पुनीत, श्रुति, राममिलन दुबे एवं पवन दुबे सहित समस्त ग्रामवासियों का विशेष सहयोग मिल रहा है। आयोजकों ने श्रद्धालुओं से कथा में शामिल होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

## लक्ष्मी नारायण सोनी का निधन

**नवभारत, जबलपुर।** लक्ष्मी नारायण सोनी का आकस्मिक निधन हो गया है। वे अभय सोनी और आलोक सोनी के पिता `एवं मोहनलाल सोनी, संतोष सोनी , ओमप्रकाश सोनी के बड़े भाई थे।अंतिम यात्रा निज निवास हनुमानताल सेठ जी की बखारी के पीछे बड़े जैन मंदिर के पास से दिनांक 12 मई को सुबह 9 बजे करिया पत्थर के लिए रवाना होगी।



## जहरीली वस्तु के सेवन से युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**जबलपुर।** माढ़ोताल थान अंतर्गत ग्रीन सिटी निवासी एक 28 वर्षीय युवक की जहरीली वस्तु के सेवन से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, अमित साहू ( 28), निवासी ग्रीन सिटी माढ़ोताल ने जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया। जिसे गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। अस्पताल में इलाज के दौरान अमित की हालत में सुधार नहीं हुआ और दम तोड़ दिया।

# सुरक्षित जल, समृद्ध कल का दिया गया संदेश

**ग्राम गोसलपुर में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत श्रमदान, हौसला बढ़ाने अधिकारी भी पहुंचे**

**सिहोरा, नवभारत।** विकासखंड सिहोरा के सेक्टर गोसलपुर अंतर्गत ग्राम गोसलपुर मे जनसेवा समिति व मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था पौराणिक अद्भुत विद्या शोध संस्थान के मार्गदर्शन में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नगर के प्राचीन रामसागर तालाब में रविवार को आठवें सप्ताह बड़ी संख्या में अधिकारी महिलाएं जनप्रतिनिधि सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी आम जनमानस ने पहुंचकर तालाब के घाटों में श्रमदान किया।

कार्यक्रम के दौरान जनपद पंचायत सिहोरा की मुख्य कार्यपालन अधिकारी आशादेवी पटले, नायब तहसीलदार जयभान सिंह ऊईके, पूर्व जिला पंचायत सदस्य पंडित ज्वाला प्रसाद दुबे, संस्था के अध्यक्ष स्वास्थ्य विभाग की टीम चक्रवर्ती जन कल्याण महासंघ, सर्व ब्राह्मण महासभा करणी सेना जनसेवा समिति प्रस्फुटन समितियों के अध्यक्ष आंगनबाडी कार्यकर्ता स्वाभिमान संत रविदास समिति क्षत्रिय महासभा शिक्षक संघ सहित ग्रामवासियों का योगदान रह।



जनसेवा समिति के पदाधिकारियों ने जल के महत्व उसकी संरचना एवं संरक्षण के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी दी साथ ही ग्रामीणों को जल संरक्षण हेतु शपथ दिलाई। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सिहोरा आशादेवी पटले ने बताया की इस अभियान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों एवं आम नागरिकों जन-जन में जल संरक्षण जल स्रोतों के संवर्धन एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना है उन्होंने बताया की अभियान के माध्यम से लोगों को जल संचयन एवं जल बचाने के विभिन्न उपायों के प्रति प्रेरित किया जा रहा है।

उपस्थित अधिकारियों द्वारा ग्रामीण जनों को अपने-अपने घर में जल पात्र रखने की बात बताई गई जिससे की इस भीषण गर्मी में पक्षी अपने प्यास बुझा सके साथ ही माननीय मुख्यमंत्री जी का संदेश जल गंगा संवर्धन अभियान को जन-जन एवं घर-घर तक पहुंचने की बात बताई गई वहीं सफाई अभियान के तहत ग्राम पंचायत गोसलपुर की सरपंच गिरिजा जितेंद्र पालीवाल सचिव प्रदीप यादव द्वारा जेसीबी पहुंचा कर अन्य घाटों की जलकुंभी हटवाई गई



# सेवानिवृत डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ की नई कार्यकारिणी गठित

**नवभारत, जबलपुर।** सेवानिवृत्ति डिप्लोमा इंजीनियर संघ जिला समिति जबलपुर के अध्यक्ष इंजी एस के खरे , सचिव इंजी सतीश राय , कोषाध्यक्ष इंजी देवेंद्र गोंटिया द्वारा सर्वसम्मति से संघ के नियमानुसार जिला समिति जबलपुर की कार्यकारिणी का गठन मनोनयन प्रांताध्यक्ष इंजी उमेश दुबे एवं क्षेत्रीय अध्यक्ष इंजी आर पी चौबे की सहमति से किया गया। इस दौरान उपाध्यक्ष इंजी भानु श्रीवास्तव, इंजी ए बी शर्मा, इंजी जी. पी. चढार, सहसचिव इंजी राजेंद्र गुप्ता, इंजी राकेश नामदेव, इंजी शैलेंद्र श्रीवास्तव, इंजी प्रसन्न विश्वकर्मा, कार्यकारिणी सदस्य इंजी पी. के. जैन, इंजी विजय सिंह राजपूत, इंजी. आनंद मंगल तिवारी, इंजी संतोष शर्मा, इंजी प्रकाश चंद साहू, इंजी पी. सी. स्वर्णकार, इंजी आर आर खान, विशेष आमंत्रित सदस्य इंजी के. पी. ब्रिजपुरिया, इंजी पी एस राजपूत, इंजी एस. एन. नेमा, इंजी एन. एल. सोनी, इंजी. हरिदास साहू का मनोनयन किया गया । जिला अध्यक्ष एस. के. खरे ने सभी पदाधिकारियों से निवेदन किया कि वह अपने साथी सदस्यों से व्यक्तिगत रूप से संपर्क में रहे साथ ही उनकी निजी एवं शासकीय समस्या के समाधान का जल्द ही निराकरण में पूरा सहयोग दें ।

# मालगाड़ी के डिब्बों से धुआं निकलते देख मचा हड़कंप, हादसा टला

**उमरिया, नवभारत।** कटनी-शहडोल रेलखंड में स्थित बिरसिंहपुर पाली रेलवे स्टेशन पर 10 मई की देर रात उस वक्त हड़कंप मच गया, जब कोयले से लदी मालगाड़ी के तीन डिब्बों से अचानक धुआं निकलता दिखाई दिया। मालगाड़ी शहडोल से कटनी की ओर जा रही थी। मालगाड़ी के ट्रेन मैनेजर (गार्ड) की नजर डिब्बों से उठ रहे धुएं पर पड़ी, जिसके बाद उन्होंने तत्काल स्टेशन प्रबंधन को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही मालगाड़ी को बिरसिंहपुर पाली स्टेशन पर रोका गया। जांच के दौरान पाया गया कि मालगाड़ी के तीन डिब्बों से तेज गति से धुआं निकल रहा था। घटना की जानकारी तुरंत फायर ब्रिगेड को दी गई



### रेलवे हुआ अलर्ट

घटना की सूचना मिलते ही रेलवे स्टाफ अलर्ट हो गया तथा अपने मौजूद स्टाफ के साथ पहुंचा इसी बीच मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने डिब्बों पर लगातार पानी की बौछार कर स्थिति को नियंत्रित किया। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद धुआं निकलना बंद हुआ। इसके बाद रेलवे अधिकारियों ने राहत की सांस ली। जांच और सुरक्षा परीक्षण के उपरांत मालगाड़ी को पुनः कटनी की ओर रवाना कर दिया गया।



# अमित भटनागर की रिहाई को लेकर सौंपा ज्ञापन

**नवभारत,जबलपुर।** मध्यप्रदेश की केन-बेतवा लिंक परियोजना से प्रभावित आदिवासी परिवार विगत दो माह से अपनी विभिन्न मांगों को लेकर शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन कर रहे हैं। प्रभावित परिवार अपनी जल, जंगल, जमीन, पुनर्वास, मुआवजा एवं आजीविका से जुड़े अधिकारों की मांग कर रहे हैं। जय किसान संगठन के नेता अमित भटनागर द्वारा प्रस्तावित 'न्याय अधिकार यात्रा' को प्रारंभ होने से पहले ही उनकी गिरफ्तारी किया जाना आंदोलन को कुचलने का प्रयास सिद्ध करता है। पदाधिकारियों ने तहसीलदार राजेश मिश्रा को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा और मांग की कि अमित भटनागर की जल्द रिहाई की जाए। ज्ञापन देते समय राजीव गाँधी पंचायती राज संगठन के विवेक अवस्थी, बरगी बांध विस्थापित एवं प्रभावित संघ के राज कुमार सिन्हा, बरगी के पूर्व विधायक नन्हे लाल धुर्वे, जिला पंचायत उपाध्यक्ष विवेक पटेल, कमला प्रसाद पटेल, मुकेश सोनी, सरमन रजक आदि मौजूद रहे।

# बर्खास्त सहायक अभियंता के खिलाफ कंपनी ने दर्ज कराई प्राथमिकी

**नवभारत, जबलपुर।** मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने 'मुख्यमंत्री कृषक मित्र योजना' के क्रियान्वयन में पाई गई गंभीर वित्तीय अनियमितताओं के मामले में कार्रवाई करते हुए बर्खास्त संविदा सहायक अभियंता अवनीश जारोलिया के विरुद्ध थाना मकरोनिया, जिला सागर में प्राथमिकी दर्ज कराई है।



कंपनी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार श्री जारोलिया सागर के एस.टी.सी. उपसंभाग में पदस्थ थे तथा उन्हें उपसंभाग-सेकंड का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया था। योजना के अंतर्गत सामग्री आहरण एवं कार्यों के निष्पादन में अनियमितताओं की शिकायत प्राप्त होने पर मुख्यालय स्तर से गठित तीन सदस्यीय जांच समिति द्वारा मामले की जांच की गई।

जांच में पाया गया था कि बिना विधिवत कार्यादेश जारी हुए क्षेत्रीय भंडार सागर से लगभग 73 लाख रुपये मूल्य की सामग्री आहरित की गई है। फिर जांच समिति के प्रतिवेदन के आधार पर कंपनी प्रबंधन ने इसे गंभीर वित्तीय अनियमितता मानते हुए अवनीश जारोलिया की संविदा सेवा समाप्त कर दी थी। प्रकरण में थाना मकरोनिया, सागर में भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 318(4) के अंतर्गत अपराध क्रमांक 0137/2026 दर्ज किया गया है तथा पुलिस द्वारा मामले की विवेचना की जा रही है। कंपनी प्रबंधन ने स्पष्ट किया है कि शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करना सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा किसी भी प्रकार की वित्तीय अनियमितता या लापरवाही के विरुद्ध कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

## आरती हत्याकांड : आरोपित गया जेल

**जबलपुर।** घमापुर थाना अंतर्गत शीतलामाई में शुक्रवार शाम महिला की गला दबाकर हत्या करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार करने के बाद सोमवार को न्यायालय के समक्ष पेश किया जहां से कोर्ट ने उसे जेल भेज दिया है। विदित हो कि शीतलामाई में अतुल कोरी 24 वर्ष का मां आशा के साथ रहता है जहां बम्बादेवी बल्दीकोरी की दफाई में रहने वाली 38 वर्षीय आरती चौधरी की साफ-सफाई का काम करती थी। शुक्रवार को आशा विवाह समारोह में शामिल होने गई थीं। घर में अतुल अकेला था। इसी दौरान आरती चौधरी (40) घर पहुंची थी।जिसे अकेला पाकर अतुल ने उसके साथ दुष्कर्म की कोशिश की जब उसने विरोध किया तो उसकी गमच्छे से गला दबाकर हत्या कर दी थी। इसके बाद घर का दरवाजा बाहर से बंद कर फरार हो गया था। शनिवार को पीएम के बाद परिजनों ने थाने में शव रखकर प्रदर्शन कर निष्पक्ष जांच, आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की थी।

**अभियान** | बोले-नदी में मिल रहे प्रदूषण, जहर को रोकने ठोस योजना भी बनाई जाये, 12 से 20 मई तक 198 किमी की निकलेगी जनजागरण यात्रा

# हिरण नदी को भी सशक्त बनाने की आवश्यकता : विश्नोई

**जबलपुर, नवभारत।** जिस प्रकार शरीर को स्वस्थ रखने के लिए पौष्टिक तत्वों की आवश्यकता होती है, उसी प्रकार हिरण नदी को भी सशक्त बनाने के लिए संरक्षण और संवर्धन की आवश्यकता है। अभियान की सफलता के लिए यह जरूरी है कि हिरण नदी में मिल रहे प्रदूषण और जहरीले तत्वों को रोकने के लिए ठोस योजना भी बनाई जाये।

यह बातें विधायक अजय विश्नोई ने मां हिरण नदी जल संवर्धन अभियान की जल संवाद कार्यक्रम के साथ हुई शुरुआत के दौरान कहीं। दरअसल मां हिरण नदी जल संवर्धन अभियान 12 मई से 20 मई 2026 तक आयोजित किया जाएगा। अभियान की शुरुआत के पूर्व सोमवार को संस्कृति भवन, भंवरताल गार्डन में जिला प्रशासन द्वारा जल संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया।




जल संवाद कार्यक्रम के प्रारंभ में जिला पंचायत सीईओ अभिषेक गहलोत ने मां हिरण नदी जल संवर्धन अभियान की विस्तृत जानकारी प्रेजेंटेशन के माध्यम से दी। उन्होंने बताया कि सामाजिक एवं सांस्कृतिक जनजागरूकता के उद्देश्य से मां हिरण नदी जल संवर्धन अभियान यात्रा 12 मई से 20 मई तक निकाली जाएगी। यह यात्रा हिरण नदी के उद्गम स्थल कुंडेश्वरधाम से प्रारंभ होकर जनपद पंचायत शहपुरा की ग्राम पंचायत पावला के आश्रित ग्राम जुगपुरा में नर्मदा नदी के संगम स्थल पर समाप्त होगी। जिला पंचायत सीईओ ने बताया कि नौ दिवसीय यह यात्रा कुल 198 किलोमीटर की होगी, जिसमें 38 ग्राम पंचायतें शामिल रहेंगी। इनमें कुण्डम की 7, सिहोरा की 7, पनागर की 7, मझौली की 2, पाटन की 8 एवं शहपुरा की 7 ग्राम पंचायतें शामिल हैं। यात्रा के दौरान एक रथ एवं नुक्कड़ नाटक टीम प्रत्येक जल संवाद स्थल पर प्रस्तुति देगी। प्रतिदिन एक ग्राम पंचायत में प्रातःकालीन तथा दूसरी पंचायत में रात्रि विश्राम के दौरान जल संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यात्रा के दौरान हिरण नदी संरक्षण के लिए आवश्यक कार्यों को स्वीकृति प्रदान की जाएगी तथा जनसहयोग से श्रमदान भी कराया जाएगा।

**हिरण जिले को जीवन देने वाली धारा : वरकड़े**

विधायक संतोष वरकड़े ने कहा कि कुंडेश्वरधाम से निकली हिरण नदी जैसे-जैसे आगे बढ़ती है, उसका स्वरूप भी विस्तृत होता जाता है। उन्होंने कहा कि सभी सहायक नदियां नर्मदा का ही स्वरूप मानी जाती हैं और हिरण नदी भी जिले को जीवन देने का कार्य कर रही है। श्री वरकड़े ने विगत वर्ष हुई छोटी सी परिचर्चा को एक अभियान का स्वरूप देने के लिए कलेक्टर श्री सिंह को धन्यवाद दिया।

### नदियां भरी रहेंगी तो भू-जल स्तर भी मजबूत रहेगा : आशा

जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती आशा मुकेश गोंटिया ने कहा कि यदि आने वाले समय में कुएं और तालाब खाली हो गए तो भविष्य की पीढ़ियों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि यदि नदियों का भराव अच्छा रहेगा तो भू-जल स्तर भी बेहतर बना रहेगा।

### नदी संरक्षण में जनभागीदारी जरूरी : कलेक्टर

जल संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने कहा कि कई क्षेत्रों में लोग पूरी तरह बारिश पर निर्भर रहते हैं। ऐसी परिस्थितियों में जल संरक्षण और नदी संवर्धन के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि जहां-जहां हिरण नदी का प्रवाह है और जहां उसके संरक्षण की आवश्यकता है, वहां सभी लोगों को सहभागिता का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने अभियान को जनआंदोलन का स्वरूप देने पर जोर दिया।